पानी छोड़ने की तैयारी, सक्रिय रहेंगे प्रकोष्ठ

- हरदा और टिमरनी में तीन शिफ्टों में ड्यूटी,
- 25 अक्टूबर से शुरू होगी जलापूर्ति

नवभारत न्यूज

हरदा, 24 अक्टूबर . रबी सीजन 2026-27 में सिंचाई संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जल संसाधन विभाग ने हरदा और टिमरनी संभाग में सिंचाई प्रकोष्ठ गठित किए हैं. यहां तीन शिफ्टों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, ताकि किसान जरूरत पड़ने पर संपर्क कर सकें.

जल संसाधन संभाग हरदा में एसडीओ उत्कर्ष पाटिल को प्रकोष्ठ प्रभारी बनाया गया है. किसान मोबाइल नंबर 9981115847 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं. वहीं, टिमरनी संभाग में एसडीओ विनीत वोर्याले प्रभारी रहेंगे. यहां किसान 9516852837 पर संपर्क कर सकते हैं.

दोनों प्रकोष्ठों में शासकीय अवकाश सहित प्रतिदिन सुबह 6 से दोपहर 2 बजे, दोपहर 2 से रात 10 बजे और रात 10 से सुबह 6 बजे तक कर्मचारियों की ड्यूटी रहेगी. जिले में 25 अक्टूबर से तवा नहर की बायीं तट मुख्य नहर से सिंचाई के लिए पानी छोड़ा जाना प्रस्तावित है. इसके मद्देनजर नहरों में जल प्रवाह, पानी के वितरण और किसानों की शिकायतों के निराकरण पर निगरानी रखी जाएगी.

सिंचाई परियोजना में देरी पर भड़के किसान, नहर में उतरे

इटारसी. नर्मदापुरम जिले के केसला ब्लॉक में देवरी (दौड़ी-झुनकर) सिंचाई परियोजना में तीन साल बाद भी काम शुरू नहीं होने से किसानों और आदिवासी ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा. शनिवार शाम बड़ी संख्या में किसान पथरोटा स्थित तवा नहर में उतरकर धरने पर बैठ गए. वर्ष 2023 में 154.33 करोड़ रुपए की लागत से स्वीकृत इस परियोजना के तहत तवा बांध से पानी लिफ्ट कर 35 गांवों तक सिंचाई सुविधा पहुंचाई जानी है. लेकिन अब तक काम शुरू नहीं होने से किसान नाराज हैं. आंदोलन का नेतृत्व कर रहे बृजेश धुर्वे और जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पाण्डेय सहित किसानों ने स्पष्ट किया कि काम शुरू करने का ठोस लिखित आश्वासन मिलने तक धरना जारी रहेगा. अधिकारियों की समझाइश के बावजूद ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े हैं. किसानों ने चेतावनी दी कि रविवार को गेहूं की फसल के लिए तवा नहर में पानी छोड़े जाने के दौरान केसला ब्लॉक के किसानों को सिंचाई का पानी मिलने तक वे पानी आगे नहीं जाने देंगे.

लिखित आश्वासन तक अनिश्चितकालीन धरना

आज से हरदा के छूटेगा पानी

नर्मदापुरम. इस वर्ष बारिश की स्थिति को देखते हुए रबी फसलों की सिंचाई के लिए तवा नहर से पानी छोड़ने का कार्यक्रम जल उपयोगिता समिति की बैठक में निर्धारित किया गया है. संभागीय जल उपयोगिता समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि हरदा जिले के लिए 25 अक्टूबर, सिवनी मालवा क्षेत्र के लिए 27 अक्टूबर, इटारसी के लिए 1 नवंबर और सोहागपुर के लिए 5 नवंबर से नहरों में जल प्रवाह शुरू किया जाएगा. कम बारिश के कारण रबी फसलों की सिंचाई के लिए जल प्रबंधन महत्वपूर्ण हो गया है.

जल प्रबंधन महत्वपूर्ण : जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता राजाराम मीना ने बताया कि तवा जलाशय में वर्तमान में 1705 एमसीएम पानी संग्रहित है, जो उपलब्ध भराव का 87 प्रतिशत है. नहरों की साफ-सफाई का कार्य जारी है.

अवैध रेत खनन के नेटवर्क पर कार्रवाई

नवभारत न्यूज

हरदा, 24 अक्टूबर. नर्मदा नदी में अवैध रेत खनन को लेकर हरदा और सीहोर जिले की संयुक्त कार्रवाई में छह पनडुब्बी मशीनें जब्त की गई हैं. शुक्रवार रात छोटी छिपानेर और सीहोर के बड़ी छिपानेर से लगे नदी क्षेत्र में शुरू हुई कार्रवाई शनिवार सुबह करीब 4 बजे तक जारी रही. जब्त मशीनों को करताना पुलिस चौकी में रखवाया गया है.

6 पनडुब्बियां जब्त

जानकारी के अनुसार, जब्त की गई पनडुब्बियों के मालिक सीहोर जिले के बड़ी छिपानेर क्षेत्र के बताए जा रहे हैं. आरोप है कि इन मशीनों के जरिए दोनों जिलों की सीमा से लगे नर्मदा नदी क्षेत्र में लंबे समय से रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा था. निकाली गई रेत को सीहोर जिले के घाटों पर ले जाकर बेचने की बात भी सामने आई है.

शिकायत और धरने की चेतावनी के बीच कार्रवाई

नर्मदा नदी में अवैध रेत खनन को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता राहुल पंवारे ने भोपाल में विभागीय कमिश्नर से शिकायत की थी. उन्होंने मामले में कार्रवाई नहीं होने पर अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी भी दी थी. स्थानीय स्तर पर नदी के बीच से चौबीसों घंटे रेत निकाले जाने के आरोपों के बीच हुई इस कार्रवाई को महत्वपूर्ण माना जा रहा है. हालांकि, अवैध खनन के आरोपों और इसके पीछे जिम्मेदार लोगों की भूमिका की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है.

सड़क पर वाहनों की कतार, विरोध का भी सामना

कार्रवाई के दौरान सड़क पर डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतार लगने की जानकारी सामने आई है. अभियान के दौरान प्रशासनिक टीम को स्थानीय लोगों के विरोध का भी सामना करना पड़ा. देर रात से सुबह तक चली कार्रवाई के बाद अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि जब्त मशीनों के मालिकों के खिलाफ क्या कार्रवाई होती है और नर्मदा नदी में अवैध उत्खनन पर रोक लगाने के लिए प्रशासन आगे क्या कदम उठाता है.

भनक लगते ही मशीनें हरदा सीमा में छिपाईं

बताया जा रहा है कि कार्रवाई की भनक लगने पर पनडुब्बी संचालक मशीनों को हरदा जिले की सीमा में छोटी छिपानेर घाट की ओर ले आए और मौके से चले गए. इसके बाद हरदा के खनिज विभाग और पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए छह मशीनों को जब्त कर लिया. विभागीय अधिकारियों के अनुसार, मामले में खनिज नियमों के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी.

आज से नहरों में छोड़ा जाएगा पानी

तवा जलाशय में 87% जलभराव, टेल क्षेत्र तक पानी पहुंचाना होगी चुनौती

नवभारत न्यूज

हरदा, 24 अक्टूबर. रबी सीजन में सिंचाई के लिए हरदा जिले में 25 अक्टूबर से तवा परियोजना की बायीं तट मुख्य नहर से पानी छोड़ा जाएगा. किसानों को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के लिए नहरों की सफाई, नियमित पेट्रोलिंग और जल वितरण की निगरानी के निर्देश दिए गए हैं.

खास जोर नहरों के अंतिम छोर यानी टेल क्षेत्र तक पानी पहुंचाने पर रहेगा. नर्मदापुरम संभागायुक्त श्रीकांत बनोठ की अध्यक्षता में हुई संभागीय जल उपयोगिता समिति की बैठक में नहरों से पानी छोड़ने का कार्यक्रम तय किया गया. इसके अनुसार, सिवनी मालवा में 27 अक्टूबर, इटारसी में 1 नवंबर और सोहागपुर क्षेत्र में 5 नवंबर से जल प्रवाह शुरू किया जाएगा.

जलाशय में 87 प्रतिशत पानी

जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता राजाराम मीना के अनुसार, तवा जलाशय में 1700 एमसीएम पानी उपलब्ध है, जो इसकी भराव क्षमता का करीब 87 प्रतिशत है. नहरों की सफाई का काम भी जारी है.

बिजली और खाद की उपलब्धता पर नजर

संभागायुक्त ने नहरों की पेट्रोलिंग, सुरक्षा और पानी की बर्बादी रोकने के निर्देश दिए. किसानों को अस्थायी विद्युत कनेक्शन देने की प्रक्रिया में जल संसाधन विभाग की सहमति सुनिश्चित करने को कहा गया है. हरदा कलेक्टर कुमार सत्यम और पुलिस अधीक्षक शशांक ने भी संबंधित विभागों के साथ बैठक कर सिंचाई तैयारियों की समीक्षा की. अधिकारियों को व्यवस्था सुचारू रखने निरीक्षण को कहा.

एशियाड पदक विजेता हर्षिता तोमर का आज नगर आगमन

नर्मदापुरम. हाल ही में जापान में संपन्न हुए 20वें एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतकर नगर, प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाने वाली शहर की बेटी हर्षिता तोमर का रविवार 25 अक्टूबर को नगर आगमन होगा.

जन्मदिन पर घर लौट रहे युवक की हादसे में मौत

दो महीने बाद होनी थी शादी, वाहन ने बाइक को मारी टक्कर

नवभारत न्यूज

हरदा, 24 अक्टूबर. जन्मदिन की खुशियां मनाने घर लौट रहे 25 वर्षीय सुमित की सड़क हादसे में मौत हो गई. सीहोर से हरदा जिले के भून्नास स्थित ससुराल आते समय करताना और तजपुरा के बीच अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी. गंभीर रूप से घायल सुमित ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. उसकी शादी दो महीने बाद होने वाली थी.

जानकारी के अनुसार, सीहोर जिले के रेहटी निवासी सुमित शुक्रवार शाम बाइक से भून्नास आ रहा था. टिमरनी थाना क्षेत्र में करताना और तजपुरा के बीच

अज्ञात वाहन की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गया.

सुमित की शादी करीब दो महीने बाद तय थी. परिवार में जन्मदिन और शादी को लेकर खुशियों का माहौल था, लेकिन हादसे ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया. टिमरनी पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. हादसे के बाद फरार हुए अज्ञात वाहन और चालक की तलाश की जा रही है.

डायल 112 ने पहुंचाया अस्पताल

हादसे की सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और सुमित को जिला अस्पताल पहुंचाया. उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया.

एक नजर में

किसानों को नरवाई प्रबंधन और कीट रोकथाम की जानकारी

नवभारत न्यूज. खेत बचाओ अभियान रबी कैंपेन 2026 के तहत कृषि विज्ञान केंद्र गोविंदनगर की ओर से ग्राम पाटई में किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें किसानों को नरवाई प्रबंधन, फसल अवशेषों के उपयोग और रबी फसलों में कीट एवं रोगों की रोकथाम के तरीके बताए गए. कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने किसानों को फसल अवशेष जलाने के बजाय वैज्ञानिक विधियों से उनका प्रबंधन करने की सलाह दी. उन्होंने बताया कि इससे मिट्टी की उर्वरता और संरचना बनाए रखने में मदद मिलती है. रबी फसलों में कीट और रोगों से बचाव के लिए नियमित निगरानी करने तथा अनुशंसित कृषि तकनीकों को अपनाने पर भी जोर दिया गया.

56 पदों के लिए भर्ती : 64 पुरुष और 21 महिला शामिल

नर्मदापुरम. सामान्य वनमंडल और सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में वनरक्षक के 56 पदों पर भर्ती प्रक्रिया के तहत शनिवार सुबह अभ्यर्थियों की लंबी दौड़ आयोजित की गई. सुबह 6 बजे डीएफओ गौरव शर्मा ने वनमंडल कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर 85 अभ्यर्थियों को रवाना किया. इनमें 64 पुरुष और 21 महिला अभ्यर्थी शामिल हैं. डीएफओ गौरव शर्मा और प्रशिक्षु आईएफएस भी अभ्यर्थियों के साथ दौड़कर उनका उत्साह बढ़ाते नजर आए. दौड़ में 14 पूर्व सैनिक भी शामिल हुए. पुरुष अभ्यर्थियों को 25 किलोमीटर और महिला अभ्यर्थियों को 14 किलोमीटर की दूरी चार घंटे में पूरी करनी थी.

सिवनी मालवा में विकास कार्यों का आयुक्त ने लिया जायजा

- निर्माण कार्य समय-सीमा में पूरे करने के निर्देश
- पीएम आवास हितग्राहियों से किया संवाद

नवभारत न्यूज

सिवनी मालवा, 24 अक्टूबर. जनविश्वास अभियान के तहत नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त ने 24 अक्टूबर को सिवनी मालवा नगर पालिका का निरीक्षण किया.

इस दौरान उन्होंने शहर में चल रहे विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए.

आयुक्त ने शिवराज पार्क, अमृत योजना के तहत विकसित की जा रही वॉटर बॉडी और पार्क, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, ऑडिटोरियम, बानापुरा के नवीन मोहन पार्क, रामवाटिका में निर्माणाधीन चौपाटी, नगरपालिका के अंडरग्राउंड पार्किंग स्थल और शक्ति घाट का निरीक्षण किया. उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने नमो आवासीय परिसर की व्यवस्थाएं भी देखीं.

आवास हितग्राहियों से जानी समस्याएं: नमो आवासीय परिसर में आयुक्त ने हितग्राहियों से चर्चा कर आवास संबंधी सुविधाओं और उनकी समस्याओं की जानकारी ली. उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने और हितग्राहियों की समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए.

बैंकर्स से ऋण प्रकरण जल्द निपटाने को कहा

नगरपालिका में आयोजित समीक्षा बैठक में आयुक्त ने विकास कार्यों में देरी नहीं करने और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा. उन्होंने योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाने के निर्देश भी दिए. प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों के ऋण प्रकरणों में तेजी लाने के लिए विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों से भी चर्चा की. बैंकर्स को ऋण प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर स्वीकृति प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए. निरीक्षण और बैठक के दौरान संभागीय संयुक्त संचालक रामकुमार इवनाती, नगरपालिका अध्यक्ष रितेश जैन, कार्यपालन यंत्री मीनाक्षी चौधरी, सहायक यंत्री वैशाली पांडेय, मुख्य नगरपालिका अधिकारी अमर सिंह उइके सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे.

आयुष विभाग का वृहद स्वास्थ्य शिविर आयोजित

नर्मदापुरम. जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर स्थित एडी आर भवन में शनिवार को आयुष विभाग द्वारा नि:शुल्क वृहद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया. उच्च न्यायालय जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नर्मदापुरम के आदेशानुसार तथा कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में जिला आयुष अधिकारी डॉ. एस आर करोंजिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में 168 लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला. शिविर में लोगों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक एवं यूनानी औषधियों का वितरण किया गया.

नरवाई जलाने पर सख्ती, ड्रोन निगरानी में पकड़े जा रहे किसान

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम. नर्मदापुरम जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने निगरानी और कार्रवाई तेज कर दी है. वहीं खरीफ 2026 की समीक्षा और रबी 2026-27 की तैयारियों को लेकर नर्मदापुरम संभाग की संभागीय समीक्षा बैठक शनिवार को भोपाल में आयोजित हुई.

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देश पर जिले में ड्रोन क माध्यम से नरवाई जलाने की घटनाओं की लगातार निगरानी की जा रही है.जिले में अभी तक तीन किसानों पर मामला दर्ज हो चुका हैं.

अभी तक जिले तीन किसानों पर मामला दर्ज

22 अक्टूबर को तहसीलदार इटारसी राम किशोर झरवडे के नेतृत्व में राजस्व एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने रेसलपुर, घाटली, सनखेड़ा, तारारोड़ा, बोरतलाई, घुघवासा, बैगनिया सहित आसपास के गांवों में निरीक्षण किया.

अभिनव शर्मा का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

- रुद्राक्ष जोशी ने हॉकी में जीता स्वर्ण पदक,
- चार का राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयन

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम. स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने खेल के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया है. फुटबॉल, हॉकी और वॉलीबॉल में छह विद्यार्थियों का राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयन हुआ है.विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है.

विद्यालय के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अभिनव शर्मा का फुटबॉल अंडर-17 वर्ग में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है. वहीं हॉकी अंडर-17 वर्ग में रुद्राक्ष जोशी ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया. इसके अलावा अंडर-14 वर्ग में राघवेंद्र पासी का वॉलीबॉल, कार्तिक भारती एवं ध्रुव शर्मा का हॉकी तथा शिवांश पटेल का फुटबॉल में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है. सभी खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और नियमित अभ्यास के बल पर यह सफलता हासिल की है. विद्यालय की प्राचार्य मोना चटर्जी ने खिलाड़ियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की.

In The Court Of II Civil Judge Class-I
Itarsi District Court, Hoshangabad
Presiding Officer: श्रीमती आयुषी गुप्ता
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MJC SUC/0000003/2026)
कुलदीप चौधरी .....वादी
Vs
कमलाबाई .....प्रतिवादी
Process Id-/2026
पेशी दिनांक - 13/11/2026

प्रेषिती-(1) सर्वसाधारण अन्य सर्वसाधारण पता - दैनिक समाचार पत्र नवभारत जिला नर्मदापुरम मप्र

यह कि प्रार्थी कुलदीप चौधरी ने आपके विरुद्ध आवेदन अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम 1925 के लिये वाद संस्थित किया है .आपको इस न्यायालय में सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके . आपको यह निर्देश भी दिया जाता हैं कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो सभी दस्तावेज को लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें . आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 23 October 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा
न्यायाधीश
आयुषी गुप्ता
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
इटारसी जिला नर्मदापुरम म.प्र.

टिप्पणी :-आवेदन की प्रति पेश
कृपया ध्यान दें-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

मार्गदर्शन | 100 से अधिक अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

विद्यार्थियों को बताए करियर के अवसर

एआई और आधुनिक तकनीक की संभावनाओं पर हुई चर्चा

नवभारत न्यूज

इटारसी, 24 अक्टूबर. शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को रोजगार और करियर के बेहतर अवसरों की जानकारी देने के लिए कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित किया गया. प्राचार्य आरके चोलकर के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया.

उन्हें आधुनिक तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और उद्योगों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई.

व्यावहारिक दक्षता पर दिया जोर

विद्यार्थियों को बंसल ग्रुप के कार्यक्षेत्र और वहां उपलब्ध करियर अवसरों के बारे में भी बताया गया. वक्ताओं ने कहा कि रोजगार के लिए केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है. विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी के साथ व्यावहारिक दक्षता भी बढ़ानी चाहिए, ताकि वे उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप खुद को तैयार कर सकें. कार्यक्रम में प्राचार्य आरके चोलकर के साथ लखन लाल कोरी, अनीता वर्मा, सोनिया अग्रवाल और शिवांगी मालवीय उपस्थित रहीं.

एआई के बढ़ते प्रभाव पर चर्चा

कार्यक्रम में कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के व्याख्याता आयुष चौरे और सिविल इंजीनियरिंग विभाग के व्याख्याता आलोक शर्मा ने एआई के बढ़ते प्रभाव और भविष्य में इसकी संभावनाओं पर विचार रखे. उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी बदलावों के अनुरूप अपनी जानकारी और कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया.

नियमित अध्ययन और प्रयास सफलता के लिए आवश्यक

छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं और स्वरोजगार की संभावनाओं की दी गई जानकारी

नवभारत न्यूज

सिवनी मालवा, 24 अक्टूबर. शासकीय कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को कैरियर संबंधी निर्णय लेने, भविष्य की संभावनाओं को समझने और आत्मनिर्भर बनने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कैरियर जागरूकता एवं लक्ष्य निर्धारण विषय पर परिचर्चा एवं कार्यशाला की गई.

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत आयोजित यह कार्यक्रम 'मेरा कैरियर मेरी पहचान' पहल का हिस्सा रहा. कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी रुचि, योग्यता और क्षमता को पहचानते हुए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए. उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में छात्राओं के लिए शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं, कौशल विकास और स्वरोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध हैं. उचित मार्गदर्शन, आत्मविश्वास और निरंतर परिश्रम के माध्यम से छात्राएं अपने सपनों को साकार कर सकती हैं. साथ ही आत्मनिर्भर बनकर समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं. डॉ. राकेश नीरापुरे ने कैरियर चयन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपने भविष्य का निर्णय लेते समय अपनी रुचि और प्रतिभा को प्राथमिकता देनी चाहिए. उन्होंने कहा कि लक्ष्य निर्धारित करने के साथ समय प्रबंधन, नियमित अध्ययन, सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास सफलता के लिए आवश्यक हैं. छात्राओं को बदलते समय के अनुरूप नए कौशल विकसित करने, उपलब्ध करियर अवसरों की जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया.